# एकेटीयू स्टार्टअप अवार्ड के पांच अगस्त तक आवेदन

**दीक्षांत**

लखनऊ, संवाददाता। एकेटीयू का दीक्षांत 13 अगस्त को मनाया जाएगा। एकेटीयूदीक्षांत में छात्रों को इस बार सात श्रेणियों में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड देगा। मंच से राज्यपाल सहकुलाधिपति आनंदीबेन पटेल छात्रों को सम्मानित करेंगी। पिछले साल पहली बार शुरू किया गया यह अवार्ड तीन श्रेणियों में दिया गया था। स्टार्टअप अवार्ड के लिए पांच अगस्त तक आवेदन करना होगा।

एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में इस अवार्ड की परिकल्पना इनोवेशन हब ने की है। इसके तहत सात विभिन्न श्रेणियों में अवार्ड दिया जाएगा। इनमें एक अवार्ड 'वूमेन लेड स्टार्टअप', दूसरा 'बेस्ट सोशल इम्पैक्ट स्टार्टअप' और तीसरा 'बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप, चौथा 'ऐक्सेसिबिलिटी अवार्ड', पांचवां 'एग्रीकल्चर स्टार्टअप', छठा 'सस्टेनेबिलिटी चैंपियन' और सातवां 'हेल्थ इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड' है।

जानकारी के अनुसार बेस्ट वुमन लेड स्टार्टअप अवार्ड के लिए स्टार्टअप कंपनी में एक महिला डायरेक्टर का 25 फीसदी हिस्सेदारी के साथ होना जरूरी है।